मध्यप्रदेश शासन
वित्त विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक एफ 9-1/2012/नियम/चार   भोपाल, दिनांक 22 फरवरी, 2012

प्रति,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
म.प्र. शासन
भोपाल.

विषय.—पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु.

संदर्भ.—विभाग के पत्र क्रमांक एफ 18-10/2010/ई/चार. दि. 1-11-2010

संदर्भित ज्ञापन के द्वारा पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु दिनांक 1-11-2010 से जिला पेंशन कार्यालयों की स्थापना की गयी है परन्तु अभी भी देखने में आ रहा है कि पेंशन प्रकरणों का निराकरण त्वरित गति से नहीं हो पा रहा है; जिसका मुख्य कारण पेंशन प्रकरणों की सही संख्या की जानकारी न होना है. अतः पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु निम्न बिंदुओं पर यथोचित कार्यवाही आवश्यक है:—

2.1 जनवरी 2012 तक ऐसे प्रकरण जिनका निराकरण नहीं किया जा सका है उनकी जानकारी संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" में संकलित कराकर शासन स्तर पर विभागवार ऐसे लंबित प्रकरणों के कारणों की समीक्षा किया जाये.

2.2 विभागीय जांच के प्रकरणों में यथाशीघ्र निपटाने हेतु सतत् मानीटरिंग की जाये तथा ऐसे न्यायालयीन प्रकरण जिनमें न्यायालयीन निर्णय के परिप्रेक्ष्य में शासकीय स्वीकृतियां जारी की जानी है उनकी समीक्षा भी शासन स्तर से की जाये.

2.3 कई प्रकरणों का निराकरण अपेक्षित मार्गदर्शन जो शासन स्तर से जारी किया जाना है, के अभाव में समय पर नहीं हो पाता है, ऐसे प्रकरणों में भी यथाशीघ्र मार्गदर्शन प्रदान कर उनके निराकरण की कार्यवाही की जाये.

2.4 उपरोक्त कार्यवाही पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु की जाये एवं इसके साथ ही सभी विभागों के डीडीओ का विभागीय स्तर से एम्पलाई डाटाबेस में जन्मतिथि सही करने के निर्देश भी प्रसारित किये जायें.

संलग्न :— उपर्युक्तानुसार

हस्ता./-
(अजयनाथ)
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग.

विभाग में दिनांक ....2012 तक लंबित प्रकरणों की स्थिति संबंधी पत्रक

प्रपत्र-अ

स. क्र.	कोषालय/ जिला पेंशन कार्यालय का नाम	न्यायालयीन प्रकरण	विभागीय जांच प्रकरण	शासन स्तर पर लंबित प्रकरण	लोकायुक्त संबंधी प्रकरण	जन्म तिथि/ द्वितीय सेवा- पुस्तिका की मान्यता संबंधी प्रकरण	अन्य कारणों से लंबित प्रकरण	विभाग में लंबित कुल प्रकरण	योग लंबित प्रकरण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)

विभागवार लंबित प्रकरणों का विवरण

प्रपत्र-ब

स. क्र.	कोषालय /जिला पेंशन कार्यालय का नाम	सेवानिवृत्त कर्मचारी का नाम	सेवानिवृत्ति तिथि	प्रकरण लंबित होने का कारण	रिमार्क (जिला कोषालय/जिला पेंशन कार्यालय में कब से लंबित)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)